# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8209357575

क्रमांकः एफ.8(8)विविध / एनएसएस / आकाशि / 2022 / 431-32 दिनांकः 18 अगस्त, 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
जयपुर।

विषय :- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम द्वितीय-2023 की प्रारम्भ तिथि 21 अगस्त, 2023 को विशेष कार्यक्रम (मैराथन / साइकिल / ट्राई साइकिल रैली) का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने बाबत।

सन्दर्भ :- मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान का पत्रांक 3716 दिनांक 14.08.2023 एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जयपुर का पत्रांक 2623 दिनांक 14.08.2023.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के द्वारा दिनांक 21 अगस्त, 2023 को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम द्वितीय 2023 की प्रारम्भ तिथि 21 अगस्त, 2023 को विशेष कार्यक्रम (मैराथन / साइकिल / ट्राई साइकिल रैली) का आयोजन प्रातः 6.00 बजे महात्मा गॉधी सर्किल से जवाहर कला केन्द्र शिल्प ग्राम तक आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय लिया गया है।

अतः सन्दर्भित पत्रों की प्रति संलग्न कर प्राचार्य, समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालयों, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक महाविद्यालयों से 50 विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि -

डॉ. स्निग्धा शर्मा, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर को सन्दर्भित पत्रों की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि उक्त कार्यक्रम में दिये गये निर्देशानुसार 500 विद्यार्थियों के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
राज्य सम्पर्क अधिकारी /
राज्य समन्वयक
युवा मामलात एवं खेल विभाग प्रकोष्ठ

Signature valid
Digitally signed by Dr. Surendra Singh
Designation : Associate Professor
Date: 2023.08.18 15:38:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4547414

# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जयपुर

0141-2209043, 2209001 (O) 0141-2209043 (FAX) Web Site www.jaipur.rajasthan.gov.inEMAIL -dydeo.jpr@gmail.com


क्रमांक : निर्वा./स्वीप/2023/2623

दिनांक :— 14/08/2023

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
(समस्त), जिला जयपुर

विषयः— **विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम—द्वितीय 2023 की प्रारम्भ तिथि 21 अगस्त को विशेष कार्यक्रम (मैराथन/साइकिल/ट्राई साइकिल रैली) का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने बाबत।**

प्रसंगः— निर्वाचन विभाग के पत्रांक 3716 दिनांक 14.08.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्वाचन विभाग के प्रासंगिक पत्रांक 3716 दिनांक 14.08.2023 प्राप्त हुआ है। जिसमें **विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम—द्वितीय 2023 की प्रारम्भ तिथि 21 अगस्त को विशेष कार्यक्रम (मैराथन/साइकिल/ट्राई साइकिल रैली) का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक** करने के सम्बन्ध में बिन्दूवार दिशा निर्देश जारी किये गये है। (प्रति संलग्न है)

अतः निर्वाचन विभाग के निर्देशों को पूर्णतया ध्यान में रखते हुए, यथोचित कार्यवाही कि जाना सुनिश्चित करें तथा इस कम में प्रगति से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत करावें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(नीलिमा तक्षक)
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
जयपुर

क्रमांक : निर्वा./स्वीप/2023/2624

दिनांक :— 14/08/2023

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. अति0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जयपुर को सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, (नोडल अधिकारी स्वीप) जिला परिषद जयपुर को भेजकर निवेदन है कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का श्रम करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
जयपुर

# राजस्थान

क्रमांक: एफ.4(3)(3)स्वीप/नि.वि./SSR-II 2023/3716 जयपुर, दिनांक : 14/08/2023

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषित : जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर)
जयपुर,

विषय : विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम II 2023 की प्रारम्भ तिथि 21 अगस्त, 2023 का विशेष कार्यक्रम (मैराथन/साइकिल/ट्राई साइकिल रैली) का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने बावत।

प्रसंग : 23/2023-ERS(Vol.-II) दिनांक 4 जुलाई, 2023

महोदय,

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 23/2023-ERS(Vol.-II) दिनांक 4 जुलाई, 2023 द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR-2023-II) के तहत प्रारूप प्रकाशन की तिथि 21 अगस्त 2023 को राज्य, जिला एवं विधानसभा क्षेत्र (ईआरओ) एवं मतदान केन्द्र स्तर पर स्वीप गतिविधियों का समारोहपूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार–प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक किया जाना है।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम की कार्य योजना

- राज्य स्तर पर **साईकल/ट्राई साईकल रैली/~~वाकाथॉन~~ (walkathon)** का आयोजन **राजस्थान विश्वविद्यालय मैन गेट से जवाहर कला केन्द्र शिल्प ग्राम** तक किया जाना है।
- **साईकिल रैली** का आयोजन Pedal for Participative Elections' & 'No Voter to be left behind' की थीम पर तथा **वाकाथॉन (walkathon)** का आयोजन A step for Participative Elections' की थीम पर किया जाना है।
- एनवीडी 2023 की थीम Nothing Like Voting, I Vote for sure (वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेगें हम" का व्यापक प्रचार–प्रसार करना।
- साईकल रैली/वाकाथॉन (walkathon) के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अपील के साथ State Election Icons की अपील को भी सम्मिलित किया जाना है।
- साईकिल रैली में स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थियों एवं विभिन्न वर्ग (यथा– पीडब्ल्यूडी, युवा, महिला, वृद्धजन आदि) को आमंत्रित किया जाना है।
- मतदाता शपथ एवं "मैं भारत हूं हम भारत के मतदाता हैं" गीत का प्रस्तुतीकरण
- यूथ बेण्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण।
- **जवाहर कला केन्द्र** पर वोटर अवेयरनेट सेन्टर एवं मॉडल पॉलिंग बूथ का गठन कर युवाओं को वीएचए, ईसीआई–सक्षम, सी–विजिल आदि एप्स के बारे में जागरूक करना
- थीम आधारित पोस्टर/होर्डिंग्स, सेल्फी पॉइन्ट/ सिग्नेचर कैम्पेन एवं अन्य व्यवस्थाएं।
- साइकल रैली/वाकाथॉन (walkathon) के फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने है।
- उक्त कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन, पर्यवेक्षण एवं निर्वाचन विभाग के समन्वय में आयोजित किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि SSR-2023 के ड्राफ्ट प्रकाशन की तिथि 21 अगस्त, 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करावें। (सहयोग एवं समन्वय हेतु श्री राकेश कुमार सैनी, विशेषाधिकारी (स्वीप) (9636387676) से संपर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(प्रवीण गुप्ता)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान

क्रमांकः एफ.4(3)(3)स्वीप / निर्वा / SSR-2023 / 3716 जयपुर, दिनांक : 14/08/2023

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अति. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
5. जिला ईएलसी (स्कूल / कॉलेज), राजस्थान।
6. महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
7. रजिस्ट्रार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. समस्त अधिकारीगण, निर्वाचन विभाग, राज. जयपुर।

अति. मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान